an>

Title: Regarding opening a Passport Centre at Ratnagiri.

श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) : माननीय अध्यक्ष महोदया, इस शून्यकाल में, आपके माध्यम से, मैं अपने संसदीय क्षेत्र रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग जिले में एक पासपोर्ट कार्यालय खोलने की मांग केन्द्र सरकार से कर रहा हूँ।

रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग के अंतर्गत रत्नागिरी जिले में हर वÂ◌ाऩ कम से कम 17 हजार लोग पासपोर्ट के लिए आवेदन करते हैं। केन्द्र सरकार ने ऑन-लाइन एप्लीकेशन की व्यवस्था की है, लेकिन इसके बाद भी कम से कम चार बार वेरिफिकेशन के लिए मुम्बई जाना पड़ता है।

मेरी सरकार से मांग है कि जिस प्रकार से कोल्हापुर में क्षेत्रीय पासपोर्ट केन्द्र खोला गया, वैसा ही रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग के लिए रत्नागिरी जिले में जल्द से जल्द एक पासपोर्ट कार्यालय शुरू करने की तैयारी करे और वहाँ के लोगों की मदद करे।

HON. SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Vinayak Bhaurao Raut.